## एक नजर में

### ऑपरेशन सिंदूर : सेना अध्यक्ष का सम्मान

**उज्जैन।** जॉर्जियन ग्रुप नई दिल्ली के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में भारतीय सेना के सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का लायंस क्लब उज्जैन मालवा के अध्यक्ष लायन सुनील हुकमचंद कछवाय द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सम्मान किया गया। दिल्ली केंट परेड रोड स्थित मनेश्वव सेंटर पर जॉर्जियन संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारतवर्ष के 5 मिलिट्री स्कूल अजमेर मिलिट्री स्कूल, धौलपुर मिलिट्री स्कूल, बेलगांव (कर्नाटक) मिलिट्री स्कूल, बेंगलुरु मिलिट्री स्कूल एवं चहल (शिमला) मिलिट्री स्कूल के पूर्व एवं वर्तमान के छात्र व छात्राओं ने अपनी सहभागिता की। इस कार्यक्रम में जॉर्जियन संगठन के वरिष्ठ सदस्य सुनील हुकमचंद कछवाय ने भारतीय सेना के सेना प्रमुख व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपेंद्र द्विवेदी का सेना को अपनी रणनीति व सही मार्गदर्शन एवं उचित कदम उठाने पर ऑपरेशन सिंदूर की बेहद सफलता मिलने पर द्विवेदी का कछवाय द्वारा महाकाल की शाल, श्रीफल, रुद्राक्ष माला व प्रसादी देकर सम्मान किया एवं सह परिवार उज्जैन महाकाल दर्शन करने का आमंत्रण भी दिया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जॉर्जियन संगठन के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एस .एन .हंडा ने की। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के जनरल सेक्रेटरी रामबीर सागवान ने सफलता पूर्ण किया।

### 19 वां अभा संजा लोकोत्सव आज से

**उज्जैन।** प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, संस्कृति संचालनालय म .प्र ., आई सी सी आर नई दिल्ली, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति एवं विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से मालवा की विलुप्त होती लोक कलाओं परम्परा के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य आयोजित 19वां अ .भा .संजा लोकोत्सव आज 7 सितंबर को प्रात: मां शिप्रा के पूजन अर्चन से होगा। पश्चात प्रात :10 बजे अभिरंग नाट्य गृह कालिदास अकादमी में सामूहिक लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य, एवं एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता से आरंभ होगा। संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया ने बताया इस वर्ष का लोकोत्सव युवाओं पर केंद्रित होगा। इसमें लोकोत्सव में युवाओं की भूमिका अहम होगी इसलिए लोकोत्सव में स्कूल, कॉलेज तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विशेष रूप से जोड़ा गया है। आज प्रात : 10 बजे से सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता आरंभ होगी जो की तीन आयु वर्गों में आयोजित होगी। अ 13 वर्ष तक, ब 13 वर्ष से अधिक तथा सी व्यावसायिक दल जिसमें आयु बंधन नहीं है। दोपहर 12 बजे से सामूहिक एवं एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता आरंभ होगी जो की चार आयु वर्गों में रखी गई है। अ 4-9 वर्ष, बी 10-15 वर्ष, सी 16 -25 वर्ष, द 25 वर्ष से अधिक का आयुवर्ग मे होगी। लोकोत्सव का विधिवत शुभारंभ दोपहर 12 बजे अनिल जैन कालूहेड़ा विधायक, श्रीपाद जोशी अभा संस्कार भारती राष्ट्रीय नाट्य विधा सह प्रमुख संस्कार भारती उज्जैन, आनंद शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी उज्जैन मुख्य आतिथ्य में होगा। संस्था के सभी पदाधिकारी ने लोककला प्रेमियों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने का आव्हान किया है।

### कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**उज्जैन।** शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन को आउट सोर्स कर्मचारियों द्वारा अपनी प्रमुख मांगो कों लेकर ज्ञापन दिया गया। इसी ज्ञापन के तारतम्य में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व मे दशरथ सिहोते जिला उपाध्यक्ष एवं कई आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य डॉ .उमेश पेंढारकर को ज्ञापन दिया गया और ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया कि आउट सोर्स कर्मचारियों को पूर्व प्राचार्य डॉ .जे .के .श्रीवास्तव के कार्यकाल में शासन के नियमानुसार न्यूनतम वेतन, ई पी एफ राशि, बोनस, 11 .माह का एरियर राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। प्राचार्य डॉ . उमेश पेंढारकर द्वारा कहा गया कि आउट सोर्स कर्मचारियों की प्रमुख मांगो का जल्दी से जल्दी निराकरण किया जाएगा। आउट सोर्स कर्मचारियों की सेवाओ के बारे में गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई है। प्रकरण को शासन के पास भेजा जा रहा है। जानकारी जिला सचिव मुकेश रायकवार ने दी।

### मुस्लिम परिवार ने किया स्वागत

**उज्जैन।** हर साल की तरह इस वर्ष भी मालीपुरा स्थित लक्कड़ गंज के राजा गणेशजी व्यवस्था समिति के जिम्मेदारों का वहीं रहने वाले मुस्लिम परिवार द्वारा स्वागत किया गया। फैसज फारुकी के अनुसार हमारे परिवार द्वारा हर वर्ष लक्कड़ गंज के राजा समिति का स्वागत किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी मुकेश राव वागले अध्यक्ष मां ज्ञानेश्वरी ग्रुप का स्वागत किया गया। इस दौरान दीपू उपाध्याय, वसीम हाजी, बिलाल भाई, मसूद आदि उपस्थित रहे। गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बने शहर के इस मुस्लिम परिवार ने न सिर्फ लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, बल्कि समाज में सौहार्द्र का गहरा संदेश भी दिया।

### शरद जोशी स्मृति व्यंग्य गोष्ठी आज

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा व्यंग्य पुरोधा शरद जोशी की पावन स्मृति को समर्पित व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन तरणताल स्थित प्रेस क्लब में आज रविवार 7 सितम्बर सांय 5 बजे किया जा रहा है। मध्यप्रदेश लेखक संघ के सचिव डॉ .हरीशकुमार सिंह ने बताया कि व्यंग्य गोष्ठी के सारस्वत अतिथि वरिष्ठ मालवी कवि एवं गीतकार प्रो . शिव चौरसिया होंगे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं कुलानुशासक विक्रम विवि उज्जैन डॉ . शैलेंद्रकुमार शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ . पिलकेन्द्र अरोरा होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो .नागेश्वर राव एवं अध्यक्षता मध्यप्रदेश लेखक संघ, उज्जैन के अध्यक्ष प्रो . हरिमोहन बुधौलिया करेंगे। व्यंग्य गोष्ठी के संयोजक मुकेश जोशी ने बताया कि व्यंग्य गोष्ठी में जिन प्रमुख व्यंग्यकारों को आमंत्रित किया गया है। उनमें वरिष्ठ व्यंग्यकार शांतिलाल जैन, रमेशचन्द्र शर्मा, शशांक दुबे, दिनेश दिग्गज, डॉ .स्वामीनाथ पांडेय, राजेन्द्र नागर, डॉ . गिरीश पंड्या, डॉ .क्षमा सिसौदिया, प्रफुल्ल शुक्ल एवं अरुणेश्वरी गौतम सम्मिलित हैं।

### स्व . कलानिधि चंचल स्मृति काव्यांजलि

**उज्जैन।** अ .प्रा .जी व्यायाम शाला में गणेश उत्सव के अंतर्गत 10 दिवसीय विविध रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुए। इसके अंतर्गत वरिष्ठ साहित्यकार लेखक स्व . कलानिधि चंचल की स्मृति में 29वीं काव्य गोष्ठी के माध्यम से काव्यांजलि नगर के रमेश दुबे के आतिथ्य में संपन्न हुई। सूत्रधार गोपाल व्यास ने बताया कि इस वर्ष समारोह में नगर के कविगण सुभाष मंगल, विकास चौरसिया, राजेश दीपक स्वामी, अखिलेश व्यास, नृसिंह ईनानी, नंदकिशोर पांचाल, हरदीप रामले, अमोल विपट, रवि गुरु दुबे ने श्रव्य काव्य पाठ किया। इस वर्ष का स्व चंचल स्मृति सम्मान सुरेंद्र सत्संगी अर्पण को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब, प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मिशन को आगे बढ़ाएंगे

## सांसद फिरोजिया के नेतृत्व में उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र में होंगी खेल प्रतियोगिताएं-21 सितंबर से 25 दिसंबर तक

**उज्जैन। पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो होवोगे खराब...यह कहावत अब बदल चुकी है। अब जो खेलेंगे कूदेंगे वह आगे बढ़ रहे है। नवाब बन रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को सांसद अनिल फिरोजिया ने अब आगे बढ़ने का बीड़ा उठाया है और 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार सांसद खेल महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर उज्जैन-आलोट सांसद अनिल फिरोजिया की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई।

सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा सांसद खेल महोत्सव युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और उज्जैन का नाम खेल जगत में रोशन होगा।महोत्सव के अंतर्गत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसमें अंडर-19 वर्ग के साथ ही पढ़ाई छोड़ चुके युवा भी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं के लिए तकनीकी प्रबंधन, ब्रांडिंग, मीडिया कवरेज और पुरस्कार वितरण की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रशासन, खेल प्राधिकरण और स्वयंसेवकों के सहयोग से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे कोचिंग, छात्रवृत्ति और अंतरराष्ट्रीय अनुभव उपलब्ध कराने की भी योजना है। इस पहल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए फिट इंडिया अभियान को गति मिलेगी और उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र में खेलों का मजबूत आधार तैयार होगा।

### कलेक्टर कमिश्नर और खेल अधिकारी मौजूद

इस बैठक में पंचायत, ब्लॉक, नगर निगम और संसदीय क्षेत्र स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं के समन्वित संचालन की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, जिला कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुरालाल शर्मा, सहायक संचालक महेन्द्र खत्री, बीआरसी देवेंद्र आर्य तथा जिला युवा कल्याण विभाग के अधिकारी ओपी हारोड सहित विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। खेल संघों से टेबल टेनिस के राजेश शर्मा व सतीश मेहता, बैडमिंटन के योगेश बन्देवार, बास्केटबॉल की ऋतु शर्मा व प्रगति जैन, लाठी कला की मीनाक्षी चौहान, कुश्ती के लीलाधर जाधव, कबड्डी के केशव मिश्रा व आनंद व्यास, गतका के पुरुषोत्तम तिवारी, क्रिकेट के नितिन श्रीवास्तव और हॉकी के गोपाल गौतम ने भाग लिया। बैठक में खेल स्थल चयन, आवश्यक अनुमतियां, खेल उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों की नियुक्ति और सुरक्षा प्रबंध जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### महापौर, निगम अध्यक्ष एवं आयुक्त ने किया बिलकेश्वर का पूजन

**उज्जैन।** गंभीर बांध अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भरने पर शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा गंभीर बांध स्थित बिलकेश्वर महादेव का पूजन, अर्चन, आरती करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं गंभीर नदी पर चुनरी अर्पित करते हुए पूजन एवं आरती की गई। साथ ही महापौर एवं निगम अध्यक्ष द्वारा निगम आयुक्त से चर्चा करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि सोमवार से शहर में नियमित जल प्रदाय किया जाएगा। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जल प्रदाय प्रेशर के साथ हो एवं इस बात का भी ध्यान रखा जाए की पानी का अपव्यय है ना हो। इस दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, सत्यनारायण चौहान, अनिल गुप्ता, कैलाश प्रजापत, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, सुशील श्रीवास, सुरेंद्र मेहर, पार्षद आभा कुशवाहा, जगदीश अग्रवाल, राजेंद्र भारती, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, गजेंद्र खत्री, मुकेश पोरवाल, विक्रम आंजना, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संतोष टैगोर, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम गौड़ एवं पीएचई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीपी से ऑइल-पार्ट्स चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

## आधा दर्जन वारदात करना कबूली, आरोपियों में जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन। बिजली विभाग के साथ किसानों और रेलवे के ट्रांसफार्मर तोड़कर पार्ट्स और ऑइल चोरी करने वाले 3 बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गये हैं। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर 8 सितंबर तक रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों ने करीब 8 से अधिक ट्रांसफार्मर तोड़ने की वारदात कबूल की है।**

चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र में पिछले एक माह से ग्राम जवासिया और खेमासा में बिजली कंपनी, खेतों में लगे किसानों और रेलवे के ट्रांसफार्मर तोड़कर पार्ट्स, ऑइल और तार चोरी किये जा रहे थे। पुलिस ने मामले में जवासिया के रहने वाले सुरेश पिता बद्रीलाल चौधरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की थी। इस बीच गुरुवार रात खबर मिली कि ट्रांसफार्मर से चोरी करने वाले बड़नगर मार्ग ढाबे पर आये हैं, जो फिर से वारदात करने की फिराक में हैं। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने एएसआई विक्रम वर्मा, प्रधान आरक्षक गणेश कुमार, आरक्षक कमल पटेल, अजय चौहान और आशीष चौधरी को धरपकड़ के लिये रवाना किया। जहां से शाकिर उर्फ लालू पिता शब्बीर शाह निवासी खजराना नाहर शाह नगर स्टार चौराहा इंदौर और अरबाज उर्फ अली पिता सलीम शाह निवासी ग्राम नजरपुर उज्जैन को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपने साथी मोना उर्फ मुज्जफर पिता आशिक शाह निवासी ग्राम बमोरा हाल मुकाम इंदिरानगर ईदगाह कब्रिस्तान उज्जैन के साथ वारदात करना कबूल किया। रात में ही टीम ने ग्राम बामोरा में दबिश देकर मोना उर्फ मुज्जफर को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को कोर्ट में पेश कर 8 सितंबर तक रिमांड पर लिया है। एएसआई वर्मा के अनुसार गिरफ्त में आये बदमाशों के अपराधिक रिकार्ड होना सामने आये है। उनसे कुछ पार्ट्स बरामद कर लिये गये हैं। वहीं सामने आया कि मोना उर्फ मुज्जफर हिस्ट्रीशिटर बदमाश है, उसके खिलाफ चिमनगंज थाना पुलिस ने जिलाबदर की कार्रवाई जिलाधीश के आदेश पर की है।

### मैजिक में भरकर ले जाते थे पार्ट्स

एएसआई विक्रम वर्मा ने बताया कि बदमाशों ने प्रारंभिक पूछताछ में बामोरा, तालोद, रतनाखेड़ी, जवासिया क्षेत्र में 8 से 10 ट्रांसफार्मर के पार्ट्स चोरी करना कबूल किया है। बदमाशों ने बताया कि वह दिन में बाइक से रैकी करते थे। रात में वारदात करते थे। पार्ट्स ले जाने के लिये लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में रहने वाले अखिलेश को बुलाते थे, जो मैजिक आटो लेकर आता था, जिसमें सामान भरकर भाग जाते थे। अखिलेश को गिरफ्तार कर चोरी में प्रयुक्त वाहन जप्त किये जायेंगे।

### शिक्षक ज्ञान के सुमेरु पर्वत : डॉ . हाड़ा

**उज्जैन। शिक्षक ज्ञान के सुमेरु पर्वत होते हैं। सबर के समंदर, भावनाओं के कल्पतरु एवं शैक्षणिक वाटिका के चर्तु माली शिक्षक होते हैं। शिक्षक के पास शिक्षार्थी को तराशने की सफलता की कुंजी होती है। शिक्षक का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। स्वयं अभाव में रहकर शिक्षार्थी को सफलता की सीढ़ी पर पहुंचने वाले शिक्षक होते हैं।**

उक्त उदगार प्रेस क्लब में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह हाड़ा ने शिक्षकों के सम्मान अवसर पर व्यक्त किये। मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक एवं और अशासकीय शाला शिक्षक संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यनारायण शर्मा थे। इस अवसर पर पत्रकार एवं शिक्षक की भूमिका निर्वहन करने वाले शहर के शिक्षाविद राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित शैलेंद्र व्यास, अशोक त्रिपाठी, कमलेश जाटवा, प्रोफेसर हिना तिवारी, प्रोफेसर पराग दलाल, परमानंद शर्मा, विनोद कनौजिया, भारत सिंह चौधरी, ललित ज्वेल, डॉ. प्रीति सेंगर, श्याम सिकरवार का शाल श्रीफल भेंट कर विशिष्ट अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि एसएन शर्मा ने कहा की शिक्षक समाज का दर्पण है, शिक्षक विद्यार्थी में रचनात्मक देश प्रेम एवं भारतीय संस्कृति के बीजरोपित करता है। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र भूतड़ा ने किया। आभार जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने माना। अतिथि स्वागत गोविंद प्रजापत, पप्पू शर्मा, मनोज तिलक, राजेश करे, अश्विन चौधरी, श्याम भारतीय आदि ने किया। इस मौके पर दस दिवसीय गणेश उत्सव में पूजन करने वाले पं. श्याम पंचोली एवं पं. अजय तिवारी का स्वागत समिति सदस्यों ने किया।

# आखिरकार मृतकों की नहीं हुई पहचान, दफनाए गए शव

**उज्जैन।** शुक्रवार को चिमनगंज थाना पुलिस ने नगर निगम के सामने से एक युवक की लाश बरामद की थी। जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था। वहीं महाकाल थाना पुलिस ने भी गणगौर दरवाजा क्षेत्र से एक अधेड़ का शव लोगों की सूचना पर बरामद किया था। जो हुलिये से भिक्षुक लगा रहा था। दोनों की बॉडी चरक अस्पताल पहुंचाई गई और शिनाख्त के प्रयास शुरू किये। शनिवार दोपहर तक दोनों की पहचान नहीं होने पर दोपहर में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। दोनों के शव दफनाकर अंतिम संस्कार किया गया है। पिछले कुछ महिनों से शहर में लावारिस शव मिलने के मामले लगातार सामने आ रहे है। जिसमे महाकाल, देवासगेट और जीआरपी थाना शामिल है। इन क्षेत्र में बाहर से आकर सबसे अधिक लोग भिक्षावृत्ति कर रहे है और आसपास ही फुटपाट पर रात गुजारते है। जिनकी मौत होने पर उनके परिजनों का पता नहीं चल पाता है।

### पहले कुत्ते को मारा फिर भाई पर किया हमला

उज्जैन। ग्रामीण ने खेत पर रखवाली के लिये कुत्ता पाला था, जिसकी हत्या भाई ने कर दी। ग्रामीण ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तो भाई ने पुत्र के साथ मिलकर हमला कर दिया। मामला इंगोरिया थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर का होना सामने आया है। यहां रहने वाले शंकर पिता धन्ना बुडाना 50 साल ने खेत पर रखवाली के लिये कुत्ता पाल रखा था। शुक्रवार शाम शंकर के भाई ने गंगाराम और उसके पुत्र राधेश्याम ने कुत्ते का मार दिया। इस बात का पता चलने पर शंकर ने थाने पहुंचकर शिकायत की और वापस लौटा तो भाई गुस्सा हो गया, उसने अपने पुत्र के साथ मिलकर शंकर पर हमला कर दिया। जिसमें शंकर गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने हमला करने वाले पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# भारत सरकार के सचिव सिंह ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी नीतेश्वर सिंह ने शनिवार को जिले के आकस्मिक भ्रमण के दौरान बालकों के संप्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए संस्था में बच्चों के लिए प्रेरक वातावरण हेतु लगातार सुधारात्मक वातावरण निर्मित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक संचालक राजेश मेहरा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा ऐसे नाबालिग बच्चे जो विधि के उल्लंघन में विचाराधीन रहते है उन्हें संप्रेक्षण गृह में बोर्ड के आदेश से प्रवेश दिया जाता है तथा उन्हें सुधारात्मक वातावरण देकर उनके विधिक और परिवारिक पुनर्वास के लिए संस्था में सतत गतिविधियां संचालित की जाती हैं। एडिशनल सेक्रेटरी के भ्रमण के दौरान संस्था में 20 बच्चे पुनर्वासित पाए गए। बच्चों ने उन्हें मिल रहे प्रशिक्षण शिक्षा खेलकूद व सांस्कृतिक सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी। सिंह ने संप्रेक्षण गृह में आवश्यक भवन विस्तार व मरम्मत सुविधाओं के लिए मौके पर ही निर्देश देते हुए बच्चों को मिलने वाली परामर्श सुविधाओं पर विस्तार से काउंसलर सुमृणाल भिलाला से चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए बच्चों को घरेलू स्नेहिल वातावरण प्रदान करने हेतु टिप्स दिए। निरीक्षण के दौरान संस्था में बच्चों के लिए निर्धारित मीनू अनुसार भोजन व्यवस्था हेतु किचिन सामग्री का भी आकस्मिक अवलोकन करते हुए रसोइए को गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक संचालक बृजेश वर्मा, संस्था अधीक्षक मेहताब सिंह परस्ते, ऊषा नायक, रईस कुरैशी, ममता मालवीय, शैलेन्द्र शाक्य व नगर सैनिक उपस्थित थे।

### आलेख्य चित्र प्रदर्शनी में दिखेगा देवी अहिल्या का जीवन और महाकुंभ का वैभव

**उज्जैन।** दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उज्जैन में आलेख्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष और महाकुंभ पर निर्मित विशेष चित्रों पर आधारित है। प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक आर्ट गैलरी, कालिदास अकादमी, उज्जैन में किया जाएगा। प्रदर्शनी का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे मान्य अतिथियों की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर राम तिवारी, डायरेक्टर महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ, संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश, नारायण प्रसाद नामदेव, डायरेक्टर संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश तथा कालिदास अकादमी के डायरेक्टर उपस्थित रहेंगे। साथ ही दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर की निदेशक आस्था कार्लेकर भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगी। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कलाकारों द्वारा निर्मित चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा, जो भारतीय संस्कृति, इतिहास और परंपरा की झलक प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी और प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। आयोजकों को विश्वास है कि इस प्रदर्शनी से कला प्रेमियों को भारतीय विरासत को समझने और महसूस करने का अवसर मिलेगा। आस्था कार्लेकर ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन और महाकुंभ की झलक प्रस्तुत करने वाले इन चित्रों को देखने का आग्रह किया है।

**गणेशजी का विसर्जन** सुबह से ही बाजार में गणेश विसर्जन चल समारोह निकलते दिखाई दिए, गणेश प्रतिमाओं को पूजन-अर्चन कर भोग लगाकर आरती की

# अनंत चतुर्दशी पर ढोल-ढमाकों से विदा हुए गणेश, शिप्रा में विसर्जन पर रोक

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** अनंत चतुर्दशी पर्व पर शनिवार को ढोल-ढमाकों, बैंड-बाजे, डीजे के साथ भक्तों ने नगर में चल समारोह निकाले और गणपति को विदा किया। वैसे तो शिप्रा के घाटों पर प्रतिमा विसर्जन पर प्रशासन ने रोक लगा रखी थी। लेकिन फिर भी कई लोग नहीं माने और छुपते-छुपाते घाटों तक पहुंचकर शिप्रा में बाढ़ के पानी के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया। प्रशासन ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए हीरा मिल प्रांगण में कुंड पर किया था। ज्यादातर लोग इसी जगह पर प्रतिमाएं लेकर पहुंचे और विजर्सन की परंपरा का निर्वहन किया। इसके साथ ही 10 दिन गणेश उत्सव पर्व का समापन हो गया। सुबह से ही बाजार में गणेश विसर्जन चल समारोह निकलते दिखाई दिए। नगर के पांडालों, संस्थानों, मंदिरों और घरों में विराजित की गई गणेश प्रतिमाओं को पूजन-अर्चन कर भोग लगाकर आरती कर विदा किया गया। लोग नाचते-गाते हुए विसर्जन चल समारोह में शामिल हुए। भक्त गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगा रहे थे।

### महाकाल के सिद्धि विनायक को 51 हजार मोदकों का भोग, महाआरती

महाकाल मंदिर स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश जी को अनंत चतुर्दशी पर्व पर सवा लाख मोदकों का महाभोग लगाया गया। मंदिर के पुजारी चमू गुरु ने बताया कि इस अवसर पर भगवान गणेश जी का सुबह पंचामृत से अभिषेक-पूजन कर सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। इसके पश्चात मखमली जरी के वस्त्रों से श्रृंगार किया व मोदकों का भोग लगाकर ढोल-ढमाकों से महाआरती की गई। महाआरती में वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, गोविंद सोलंकी, महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक शामिल हुए। उपस्थित भक्तों को अतिथियों ने मोदक का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पुजारी आयुष उपाध्याय, मोहित उपाध्याय, अंशुल उपाध्याय ने अतिथियों का दुपट्टे से स्वागत कर प्रसाद भेंट किया।

### आज से श्राद्ध : गयाकोठा पर उमड़ेंगे श्रद्धालु

आज रविवार से श्राद्ध पक्ष शुरू हो रहा है। पहले दिन पूर्णिमा का श्राद्ध होगा। उज्जैन में श्राद्ध पक्ष के दौरान देशभर से श्रद्धालु शिप्रा के रामघाट, सिद्धवट व अंकपात के पास गयाकोठा तीर्थ पर पितरों की आत्मशांति के लिए पिंडदान-तर्पण करने के लिए उमड़ेंगे। इस बार सोलह श्राद्ध 16 की जगह 15 दिन के होंगे। ऐसा एक दिन में दो तिथि के आने से होगा। श्राद्ध का एक दिन कम हो जाएगा। श्राद्ध के दौरान षष्ठी व सप्तमी तिथि एक ही दिन होगी। हालांकि कुछ पंचांगों में अन्य तिथियां एक दिन बताई गई है। उज्जैन के तीर्थ पुरोहित एवं ज्योतिषाचार्य पं . अमर डब्बावाला ने बताया कि श्राद्ध पक्ष 7 सितंबर से शुरू होकर 21 सितंबर तक चलेगा।